तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 शैक्षणिक गुणवत्ता सुदृढ़ करने प्राचार्य मिलन ...



14 जल संसाधन विभाग भानुप्रतापपुर ने मिर्चीपारा ...



## खबर संक्षेप

### संकुल स्तरीय क्रीड़ा का हुआ शुभारंभ



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत ग्राम चेमल में संकुल स्तरीय दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का 23 जनवरी को शुभारंभ हुआ। संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में छह प्राथमिक शालाओं एवं दो माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स सहित अन्य खेल विधाओं का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर ग्राम पटेल नरसिंह दुग्गा, रामचंद्र कल्लो, कृष्ण कुमार दुग्गा, शिवलाल ध्रुव, हरसिंह ध्रुव, शिव चरण निषाद, प्रभू दर्रो, राजकुमार पटेल, गोकुल राना, गंगाराम राना, जवाहिर पटेल, दिनेश आमले, प्रदीप पटेल, तामेश्वर पटेल, रामदेव त्रिशुनिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती मनाई



**पखांजुर।** आजाद हिंद फौज के संस्थापक और महान क्रांतिकारी नेता सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती जागृति मंच द्वारा मनाया। मंच के अध्यक्ष रवींद्रनाथ मिस्त्री, सचिव निबास अधिकारी, कोषाध्यक्ष रथींद्रनाथ बेनर्जी और उपदेष्टा मंडली के सदस्य नेपाल चंद्र सरकार व नागरिकों ने नेताजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया। प्रभातफेरी और विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासी, बुद्धिजीवी एवं स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### युवक की मौत, कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत आकमेटा निवासी 40 वर्षीय कुशल बड़ा पिता नहुल बड़ा का अज्ञात कारणो के चलते 4 जनवरी को मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का अज्ञात कारणों से मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### धनेलीकन्हार में 28 को वार्षिक देव मेला

**धनेलीकन्हार।** विकासखंड कांकेर के ग्राम धनेलीकन्हार का वार्षिक देव मेला 28 जनवरी दिन बुधवार को होगा और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भुले बिसरे छत्तीसगढ़ नाच पार्टी ग्राम मोगरापाली जिला महासमुन्द का कार्यक्रम होगा। इसी दिन ग्राम कापसी का भी मेला है, जहाँ पर रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत छोटे नारायणपुर की छत्तीसगढ़ी लोककला मंच कारी नयना की प्रस्तुति होगी।

### आमागढ़ का दो दिवसीय देव मेला 19 व 20 को

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम आमागढ़ के वार्षिक दो दिवसीय देव मेला 19 व 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। ग्राम गायता बिसम राम राना, शिवलाल निषाद, दिनेश मेरिया, प्रितम मांझी ने बताया है कि आमागढ़ मेला में परगन डोकरा सहित बारह गांव के देवी देवता शामिल होते हैं और ढाई परिक्रमा कर मेले का शुभारंभ किया जाता है। मेले मे आसपास के ग्रामीण शामिल होंगे।

### नवागांव में 28 को माता पहुंचानी

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के बुधवार को ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम नवागांव में माता पहुंचानी का आयोजन किया जाएगा। ग्राम गायता सावजी राम जैन, बल्लू राम जैन, ग्राम पटेल दुर्गुराम ध्रुव, पुनाउ राम पोटाई, जय राम कोमरा, कुमार साय ध्रुव, अर्जुन ध्रुव, राम सिंग नूरुटी द्वारा जानकारी ग्रामीणों को दिया गया।

---

स्कार्पियों में मिली शराब की बोतल में मध्यप्रदेश के धार जिले का नाम है उल्लेख

# मप्र के शराब तस्कर का वाहन बोलेरो से टकराया, दो की मौके पर मौत, 10 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बोलेरो सवार 2 की मौत, तस्कर वाहन छोड़कर हुआ नौ दो ग्यारह
- कांकेर पुलिस ने शराब व वाहन को अपने कब्जे में लेकर पतासाजी की शुरू

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में पलीटेक्निक कॉलेज नाथियानवांगांव के पास आधी रात को चारामा की ओर से आ रही स्कार्पियों ने कांकेर की ओर से रायपुर जा रही बोलेरो को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसके चलते बोलेरो में सवार दो की मौके पर मौत हो गई, वहीं अन्य 10 लोग घायल हुए, जिनकी हालत सामान्य है। स्कार्पियों में मध्यप्रदेश के धार जिले की अवैध शराब मिली है। स्कार्पियों में सवार लोग शराब और वाहन छोड़कर नौ दो ग्यारह हो गए।

जानकारी के अनुसार कोंडागांव जिले के ग्राम बड़ेकनेरा से लगभग 14 लोग बोलेरो क्रमांक सीजी 05 एए 5507 में सवार होकर दामाखेड़ा में आयोजित मेला में शामिल होने के लिए 22 की रात को निकले थे। बोलेरो वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कांकेर के आगे पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास 23 जनवरी की रात को लगभग ▶▶|शेष पेज 12 पर



### मध्यप्रदेश की शराब से भरे वाहन को जब्त

घटनास्थल पर मौके पर पहुँची कांकेर पुलिस को सड़क पर शराब की बदबू आ रही थी और स्कार्पियों को खोलकर देखा, उसमें शराब लोड थी। कई बोतल शराब की एक्सीडेंट स्थल पर फूटी पड़ी हुई थी। शराब जिस पैकेट में थी, उस पैकेट में ग्रेट गैलियन वेंचर्स लिमिटेड सेजवाहा जिला धार लिखा था। इसमें गोवा पौवा शराब थी और लगभग 150 लीटर शराब जब्त हुई है। पुलिस चाहे तो यह शराब किस दुकान से इस वाहन में पहुँची, पतासाजी करेगी तो अवैध शराब मध्यप्रदेश से कांकेर और कोंडागांव सप्लाई करने वाले तस्करों का खुलासा हो सकता है।

### बोलेरो पर सवार घायलों के नाम


बोलेरो वाहन में एक बच्चा सहित 15 लोग सवार थे, जिसमें 13 लोग घायल हुए थे, जिसमें 02 की हालत गंभीर होने हायर सेंटर भेजा गया वहीं 02 की मौत हो गई। घायलों में तुलन मानिकपुरी पति मोहन बड़ेकनेरा, आयुष पिता मोहन बड़ेकनेरा, नागेंद्र मरकाम पति सैतुदास बनियागांव, मोहना मरकाम पति सेतुदास बनियागांव, कौशिल्या मानिकपुरी पति परमेश्वर मानिकपुरी बड़ेकनेरा, पुना पति चैतू भानपुरी, फूलबती मानिकपुरी पति पुरूषोत्तम बड़ेकनेरा, प्रेमदास पति दुखूदास बड़ेकनेरा, बुधिमारिन पति देवनाथ दास बड़ेकनेरा, गोधन नायक पिता नमो नायक बड़ेकनेरा, मोहनदास मनिकपुरी पिता रोहित बड़ेकनेरा, हिल्पा मानिकपुरी पिता परमेश्वर 8 वर्ष बड़ेकनेरा है, वहीं मृतकों में डमरू पंत पिता बोड्डी पंत और उसकी पत्नी सामरी पंप पति डमरू पंत बेलकुटी की मौत हो गई।

### मृतक के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज

बस्तर जिला के करपावंड थानांतर्गत ग्राम बेलपुटी निवासी 28 वर्षीय गिरिश पंत पिता डमरू पंत की शिकायत पर स्कार्पियों वाहन क्रमांक सीजी 04 पीआर 4458 के चालक मौके से गाड़ी को लावारिस हालत में छोड़कर भाग गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 पीआर 4458 का चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

## 60 लीटर महुआ शराब बरामद, दो कोचिया गिरफ्तार, मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर


जिला में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पखांजुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर स्कूटी से शराब का परिवहन कर रहे एक पुरुष और एक महिला को 60 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करते हुए कार्यवाही किया है। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि ग्राम पीव्ही 60 निवासी सुखबीर विश्वास और लिपिका मृधा सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 05 एए 7222 में अवैध शराब लेकर पीव्ही-07 की ओर जा रहे है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक ज्योति साहू की टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना की गई। पुलिस टीम ने जब ग्राम बारदा रोड पर संदिग्ध स्कूटी को रुकने का इशारा किया, तो चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर बारदा चौक के पास घेराबंदी की और स्कूटी को रोक लिया। तलाशी लेने पर स्कूटी के बीच में रखी बोरी, सीट के नीचे और महिला के पास मौजूद बैग से कुल 60 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुई। जप्त शराब की कीमत 9 हजार रूपएं व साथ में परिवहन में प्रयुक्त ▶▶|शेष पेज 12 पर

---

## धान खरीदी में लोचा दो नोडल पटवारी हुए निलंबित, प्रशासन ने दिखाई सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले में धान खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल उठने के बाद खाद्य शाखा की रिपोर्ट पर कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने सख्त कदम उठाते हुए दो नोडल अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई न केवल प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बनी है, बल्कि किसानों और आमजन के बीच भी इसकी गूंज सुनाई दे रही है।



जानकारी के अनुसार हल्का पटवारी प.ह.न. 06 केसेकोड़ी, राजस्व निरीक्षक मंडल कोयलीबेड़ा, तहसील कोयलीबेड़ा में पदस्थ आकाश कश्यप को कार्यालय कलेक्टर, जिला कांकेर के आदेश क्रमांक/849/खाद्य/धान खरीदी/2025 दिनांक 24.10.2025 के तहत नोडल क्रमांक एनडीएल 49429 नियुक्त किया गया था। जांच में यह पाया गया कि धान खरीदी केंद्र उदनपुर में किसान दरबारी दुग्गा, धनसिंह नरेटी एवं महरी बाई के आवेदनों में बिना मौके पर जांच किए, अन्य व्यक्ति के माध्यम से धान टोकन का सत्यापन कर दिया गया। सभी आवेदनों में केवल धान के सैंपल की फोटो अपलोड की गई, जिससे स्पष्ट हुआ कि नोडल अधिकारी ने अपनी आईडी किसी अन्य को देकर गलत प्रविष्टियां करवाईं। यह कृत्य सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 एवं धान खरीदी नीति 2025-26 का गंभीर उल्लंघन पाया गया। इसी तरह हल्का पटवारी प.ह.न. 03 चारगांव, आशीष ▶▶|शेष पेज 12 पर

---

## बोर्ड परीक्षा की उड़ान को मिले नए पंख धनेलीकन्हार के छात्रों को मिली प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

- मोटिवेशनल कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी सिद्ध

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उमावि धनेलीकन्हार में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए आयोजित विशेष मोटिवेशनल कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। परीक्षा के दबाव और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक रणनीतियाँ भी प्रदान करता नजर आया।



आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन हेतु मार्गदर्शन, सकारात्मक सोच और आधुनिक अध्ययन पद्धतियों से परिचित कराना था। राज्य स्तर के प्रख्यात मोटिवेटर्स मेराज मीर, अनिश कुमार एवं नरोत्तम श्रवण ने विद्यार्थियों को अध्ययन की प्रभावी विधि, समय प्रबंधन, सोशल मीडिया के सीमित व सकारात्मक उपयोग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शैक्षणिक उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। मोटिवेटर मेराज ने ▶▶|शेष पेज 12 पर

---

## कलवर माइंस प्रभावित ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत झिटकाटोला के आश्रित ग्राम कलवर में संचालित बीएसपी माइंस को लेकर एक बार फिर विवाद की स्थिति सामने आई है। माइंस से प्रभावित ग्राम कलवर के ग्रामीण सोमवार को दुर्गुकोंदल तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपकर धरना-प्रदर्शन हटाने तथा आंदोलन अपनी सीमा में ही करने की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्राम कलवर में बीएसपी द्वारा माइंस का संचालन किया जा रहा है। माइंस खुलने के बाद से क्षेत्र के लोगों को बारी-बारी से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे



अनेक परिवारों की आजीविका चल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि माइंस प्रबंधन द्वारा रोजगार देने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया ▶▶|शेष पेज 12 पर

---

## आस्था व भक्ति के 501 दीपकों की रोशनी से जगमगाया कांकेर शीतला मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण होने पर श्रद्धा से मनाया दीपोत्सव

अयोध्या में भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 22 जनवरी को कांकेर नगर स्थित शीतला मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ विशेष



आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर शीतला मंदिर में 501 दीपों को प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिरस और दिव्यता से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत सायंकालीन आरती एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। मंदिर के पुजारी द्वारा भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की गई तथा अयोध्या में हुए ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह को स्मरण करते हुए राम नाम का सामूहिक जाप किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर भगवान श्रीराम से सुख-समृद्धि, शांति और राष्ट्र कल्याण की कामना किया। इस ▶▶|शेष पेज 12 पर

---

जेपी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा मौसमी कोड़ोपी को शिक्षकों के प्रयास से मिली सफलता

## मानविकी विषय की छात्रा ने तोड़ी धारणा क्लैट में सफलता से बनीं अंचल की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल की मेधावी छात्रा मौसमी कोड़ोपीने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर देश की प्रतिष्ठित क्लैट परीक्षा में सफलता अर्जित कर न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। मानविकी संकाय की छात्रा मौसमी को अब देश के अग्रणी विधि शिक्षण संस्थान हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर में अध्ययन का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा।

किरंदुल जैसे सुदूर क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाली मौसमी की इस उपलब्धि के पीछे उनके माता-पिता का अटूट विश्वास और जेपी इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन रहा है। बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से माता-पिता ने साहसिक निर्णय लेते हुए अपनी बेटी को कांकेर के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने भेजा।



मौसमी बताती हैं कि परीक्षा की तैयारी के दौरान जब भी तनाव या असमंजस की स्थिति आई, तब विद्यालय के शिक्षकों ने न केवल विषयों की गहराई से समझ विकसित कराई, बल्कि एक सच्चे मार्गदर्शक की तरह उनका मनोबल भी बढ़ाया। विशेष रूप से मानविकी विषय के शिक्षकों ने विधिक सोच, सामाजिक मुद्दों और तार्किक विश्लेषण की समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की आवासीय व्यवस्था, अनुशासित हॉस्टल वातावरण, समृद्ध लाइब्रेरी और ग्रुप स्टडी की सुविधाओं ने मौसमी की तैयारी को सुदृढ़ आधार प्रदान किया।

### मौसम ने कर दिखाया कमाल

विद्यालय के प्राचार्य रितेश चौबे ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अक्सर यह धारणा बना ली जाती है कि बड़ी सफलताएं केवल बड़े शहरों के विद्यार्थियों को ही मिलती हैं, लेकिन मौसमी ने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है। यह सफलता शिक्षकों के मार्गदर्शन, छात्रा की मेहनत और माता-पिता के विश्वास का सम्मिलित परिणाम है।

### विद्यालय के लिए गर्व की बात

विद्यालय चेयरमैन ज्योति गिदवानी, डायरेक्टर शंकर गिदवानी, अकादमिक सलाहकार गोविंद मुदलियार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण ने मौसमी को इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि मौसमी की सफलता न केवल उनके परिवार और विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

---

## मामूली बात पर दो पक्षों में विवाद के बाद हुई मारपीट, काउंटर केस, दर्ज जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जान से मारने दी धमकी

पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीव्ही 13 में एक मामूली विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। छोटी-सी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई और जान से मारने की धमकी तक दी गई। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। प्रथम पक्ष की ओर से ग्राम पीव्ही 14 श्यामनगर निवासी 18 वर्षीय अभिक कविराज पिता विपुल कविराज ने पुलिस को बताया कि 22 जनवरी की शाम करीब 4 बजे वह ग्राम पीव्ही 13 में हिरामन की दुकान पर कोल्डड्रिंक पी रहा था। उसी दौरान पीव्ही 12 निवासी तुषार आईच, साहिल दत्ता और जीत विश्वास दुकान के पास मौजूद थे। आरोप है कि यह तीनों उसके दूर के चाचा अनिमेश पाल को



मोबाइल पर स्पीकर चालू कर गाली दे रहे थे। जब अभिक ने इसका विरोध किया और गाली देने से मना किया, तो तीनों ने उस पर हाथ थप्पड़ और स्टील पाइप से हमला कर दिया। आरोप है कि बाद में पोस्ट ऑफिस के पास भी अभिक, उसके चाचा विप्लव बढ़ाई और भाई राजेश कविराज के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इस हमले में अभिक, उसके चाचा और भाई को चोटें आईं। पुलिस ने इस शिकायत पर तुषार आईच, साहिल दत्ता और जीत विश्वास के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष से पीव्ही 12 सुभाषनगर निवासी ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पर्व में प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज में ध्वजारोहण किया जायेगा। चेम्बर ने व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखने का अनुरोध किया है। महामंत्री नवरतन जलोटा ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि प्रातः 8:30 बजे चेम्बर सभागार में ध्वजारोहण किया जायेगा।

### सूखे पेड़ से हादसे की आंशका बढ़ी

**जगदलपुर।** बालाजी वार्ड में वन संरक्षक वन्य प्राणी के परिसर में एक सूखा पेड़ आने जाने वालों के लिए खतरा बना हुआ है। मुख्य मार्ग के किनारे कार्यालय के परिसर में पेड़ कभी भी गिरने की स्थिति में है। मुख्य मार्ग में हमेशा आवाजाही रहती है। इस मार्ग पर स्कूल के बच्चे बड़ी संख्या में गुजरते है। ऐसे में सूख चूके पेड़ को काट देना जनहित के लिए सही लोग बता रहे हैं। कभी भी सड़क में पेड़ के गिरने से आने जाने वालों को नुकसान हो सकता है। वार्ड के लोगों ने पार्षद और वन विभाग के अधिकारी से पेड़ को जल्द काटने की उम्मीद में हैं।

### मिट्टी से मानक तक बीआईएस गवर्निंग काउंसिल में शामिल हुए डॉ. राजाराम त्रिपाठी

**कोण्डागांव।** भारत सरकार ने प्रख्यात जैविक कृषक और किसान नेता डॉ. राजाराम त्रिपाठी को भारतीय मानक ब्यूरो की सर्वोच्च शासी परिषद गवर्निंग काउंसिल का सदस्य नामित किया है। यह नियुक्ति भारत की मानक निर्धारण प्रक्रिया में किसानों की सीधी भागीदारी का प्रतीक मानी जा रही है। यह नियुक्ति भारत सरकार द्वारा असाधारण राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार जैविक खेती और ग्रामीण नवाचार को नीति निर्माण में महत्वपूर्ण स्थान दे रही है। डॉ. त्रिपाठी पहले से ही आयुष मंत्रलय के अंतर्गत नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड के सदस्य हैं, जहां वे औषधीय पौधों के संरक्षण, गुणवत्ता मानकीकरण और किसानों की आय वृद्धि से जुड़े राष्ट्रीय निर्णयों में भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. त्रिपाठी ने वर्षों तक बस्तर के आदिवासी अंचलों में कार्य कर जैविक खेती, औषधीय पौध उत्पादन, वन आधारित आजीविका औ स्व–सहायता समूहों के माध्यम से हजारों परिवारों को स्थायी रोजगार से जोड़ा है। जैविक खेती के राष्ट्रीय अग्रदूत उनके द्वारा विकसित वृक्ष आधारित प्राकृतिक ग्रीनहाउस, कम लागत कृषि ढांचे और हर्बल खेती मॉडल देश के कई राज्यों में किसानों द्वारा अपनाए जा रहे हैं।

### दुर्गुकोंदल में प्राचार्य मिलन समारोह से शैक्षणिक गुणवत्ता पर जोर

# शैक्षणिक गुणवत्ता सुदृढ़ करने प्राचार्य मिलन समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



- नए वर्ष की शुरुआत में अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत आने वाले समस्त उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नए वर्ष पर प्राचार्य मिलन समारोह का आयोजन शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं प्रभावी शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत संघ के अध्यक्ष एवं प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल मर्रामपानी प्रकाश गोस्वामी के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन विद्यालय की पहचान होते हैं। संकुल प्राचार्य के रूप में हम सभी को अपने-अपने संकुल का निरंतर अवलोकन कर कार्यक्षमता को बेहतर स्वरूप देना होगा। संघ के संरक्षक एवं प्राचार्य बाबूलाल कोमरे ने कहा कि प्राचार्य मिलन समारोह का आयोजन नियमित रूप से होना चाहिए, जिससे सभी संस्था प्रमुख अपने दायित्वों, समस्याओं और अनुभवों पर चर्चा कर सकें। प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्राचार्य मिलन समारोह एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक मंच है, जहां शिक्षक, प्राचार्य और अभिभावक मिलकर विद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करते हैं।

#### इनका हुआ सम्मान

प्राचार्य प्रकाश गोस्वामी, देवानंद गौतम, सदेसिंह कोमरा, सुनील साहू, हेमलता वाडिवा, राजेंद्र आवड़े, सतेंद्र साहू, हरीश साहू, राम नारायण हिरवानी, जानकी उर्वसा, चतुर सिंह भेड़िया सहित अन्य प्राचार्य का श्रीफल, शाल, डायरी एवं पेन भेंट कर सम्मान किया गया। नवनियुक्त प्राचार्यों ने इस आत्मीय सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्नेह और अपनापन उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

#### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में हीरालाल करगा, ओमप्रकाश उइके, घनाराम कश्यप, दिलीप सोरी, अजय नेताम, शिवलाल कोमरा, बिरेंद्र रावटे, थानेश्वर चंद्राकर, हीरानंद कोठारी, गोरीशंकर नायक, अजीत सिंह कोसमा सहित अनेक वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे। मेजबान प्राचार्य उदेसिंह भूआर्य एवं उनके समस्त शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति से आयोजन सफल और सार्थक रहा।*

## आत्मविश्वास को बढ़ाने राज्य स्तरीय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दिया सफलता का मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाते हुए जिले के दुर्गूकोंदल विकासखंड स्तरीय मोटिवेशनल वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने कहा कि पढ़ाई को नियमित रूप से जारी रखें, छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें, संदेह की स्थिति में उसे तुरंत स्पष्ट कर लें तथा परीक्षा के तनाव पर विजय प्राप्त करें। अलक्षेन्द्र मोगरे ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि डिप्रेशन न होने पर मोटिवेशन की आवश्यकता नहीं पड़ती, जबकि अधिक प्रतिशत के लिए सही योजना बनाना अनिवार्य है। मार्कशीट में कम अंक बुद्धिमत्ता को नहीं मापते। समय प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि वे स्वयं मध्यम स्तर के छात्र रहे हैं। परीक्षा से 10 दिन पहले तैयारी को अंतिम तिथि मानकर शुरू कर दें, इससे 10 प्रतिशत तक अंकों में वृद्धि संभव है। डॉ. आदित्य ताम्रकार ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी कार्य को सफल बनाने के लिए तीन बातें आवश्यक है क्या करना है, कब करना है तथा कैसे करना है। टॉप करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और पूर्ण उत्साह रखें। उन्होंने उत्साहपूर्ण अंदाज में कहा कि आसमान में छेद क्यों नहीं हो सकता बस पत्थर पूरी ताकत से उछाल दो। पूरा प्रयास देने वाला कोई भी टॉप कर सकता है। जैसी सोच होगी, वैसा परिणाम मिलेगा। सकारात्मक सोच बनाए रखें। वैज्ञानिक शोध के अनुसार जोर-जोर से बोलकर पढ़ाई करें। पूर्ण एकाग्रता रखें, पढ़ते समय कुछ न खाएं और ध्यान भटकने न दें। पढ़ी सामग्री को लिखकर जांचें सुबह पढ़ा शाम को लिखें।

## नेताजी बोस की 129वीं जयंती बंग समाज ने उत्साह से मनाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

बंग समाज भानुप्रतापपुर द्वारा भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129 वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में नगरभर से बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छोटे-छोटे बच्चों द्वारा नेताजी की वेशभूषा में निकाली गई प्रभात फेरी रही। बैंड दल की धुनों के बीच जय हिंद और नेताजी अमर रहें जैसे नारों से नगर के प्रमुख मार्ग गूंज उठे। आज़ाद हिंद फौज की वर्दी और दिल्ली चलो संदेश वाली तख्तियों ने वातावरण को पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर कर दिया। समारोह की मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडवी रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस केवल एक नाम नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता का सबसे साहसी और प्रखर अध्याय हैं। उनका जीवन त्याग, दृढ़ संकल्प और अटूट राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। आज के युवाओं को उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। आजाद हिंद फौज के माध्यम से नेताजी ने पूरी दुनिया को भारत के स्वाभिमान और स्वतंत्रता का संदेश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नेताजी की विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। प्रभात फेरी में बच्चों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि समाज में देशभक्ति के संस्कार सुरक्षित हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को इतिहास और राष्ट्रनिर्माण से जोड़ते हैं। बंग समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज द्वारा हर वर्ष नेताजी की जयंती ऐतिहासिक महत्व के साथ मनाई जाती है, ताकि युवा पीढ़ी उनके जीवन संघर्ष और देशप्रेम से परिचित हो सके। कार्यक्रम में पार्षद, समाज के वरिष्ठजन, महिलाएँ, युवा एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा अंतागढ़ रोड स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने कहा कि नेताजी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और स्वाभिमान को समर्पित रहा। युवाओं को उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्रनिर्माण में भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और नेताजी अमर रहें के जयघोष के साथ समापन हुआ।

## बड़ेकापसी में महिला का मिला कंकाल फैली सनसनी, पुलिस शिनाख्त में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर



थाना पखांजुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेकापसी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गांव के पास ही एक अज्ञात महिला का कंकाल बरामद हुआ। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। आशंका जताई जा रही है कि यह कंकाल पिछले दो महीने से लापता युवती 22 वर्षीय संगीता उसेंडी पिता स्व. गणेश उसेंडी का हो सकता है।

जानकारी के अनुसार बड़ेकापसी निवासी संगीता उसेंडी 16 नवंबर से रहस्यमयी ढंग से लापता थी। परिजनों और ग्रामीणों ने काफी खोजबीन किया, जिसके बाद 23 नवंबर 2025 को पखांजुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उसके बाद 22 जनवरी को जब संगीता की मां रन्नू बाई उसेंडी अपने खेत के पास जंगल में लकड़ी लेने गई थीं, तो उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई। नजदीक जाने पर उन्हें एक मानव कंकाल दिखाई दिया। कंकाल के पास ही संगीता के चप्पल, टोपी एवं अन्य सामाग्री पड़े मिले, जिससे परिजनों ने उसकी पहचान कि गई और इसकी जानकारी अपने देवर धनसिंह उसेंडी को जानकारी दिया, घटनास्थल युवती के घर से मात्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। घटना की जानकारी मिलते ही सरपंच बड़ेकापसी चंदन पोटाई और ग्रामीणों ने पखांजुर पुलिस को घटना के बारे में बताया। थाना प्रभारी पखांजुर लक्ष्मण केवट रात में ही दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा के लिहाज से रात भर घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात रहा। अगले दिन सुबह फॉरेंसिक एक्सपर्ट, पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बारीकी से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने कंकाल को अपने कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया है। हालांकि संगीता की मां ने चप्पल और अन्य सामग्रियों से प्राथमिक तौर पर पहचान संगीता के रूप में की है, लेकिन पुलिस अधिकारिक तौर पर डीएनए या अन्य वैज्ञानिक जांच के बाद ही पुष्टि करेगी। वर्तमान में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हत्या का मामला है या कुछ और।

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे ने बताया कि बड़ेकापसी में एक मानव कंकाल बरामद हुआ है, कंकाल एवं उसके आस-पास कि सामग्रीयो को जप्त कर जांच कि जा रही है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और मृतक पहचान की आधिकारिक पुष्टि हो पाएगी।

## बाल यौन शोषण व पोक्सो कानून पर जन-जागरूकता कार्यक्रम हुआ युवाओं को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल



विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखई में जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में ट्रेनिंग एसोसिएट पूर्णिमा मंडल शर्मा द्वारा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया कि बच्चों के साथ किया जाने वाला शारीरिक, मानसिक, यौनिक, भावनात्मक एवं डिजिटल स्तर का दुर्व्यवहार बाल शोषण की श्रेणी में आता है।

अक्सर समाज में केवल शारीरिक या यौन शोषण को ही गंभीर माना जाता है, जबकि मानसिक और भावनात्मक शोषण भी बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक दुष्प्रभाव डालता है। प्रशिक्षण में बाल शोषण के प्रकारों जैसे शारीरिक, मानसिक, यौनिक, भावनात्मक एवं डिजिटलपर चर्चा की गई। साथ ही इसके व्यवहारिक, मानसिक एवं शारीरिक परिणामों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। बच्चों में उदासीनता, गुस्सा, अकेलापन, डर, नींद की कमी, पढ़ाई से ध्यान भटकना, शरीर पर चोट के निशान, बार-बार बीमार पड़ना, आत्म-नुकसान की प्रवृत्ति जैसे लक्षण बाल शोषण के संकेत हो सकते हैं, जिनकी समय रहते पहचान आवश्यक है।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि ऐसी स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। युवाओं को यह संदेश दिया गया कि वे न केवल स्वयं जागरूक रहें, बल्कि अपने आसपास के बच्चों की सुरक्षा के लिए भी सजग भूमिका निभाएं। इसके साथ ही जेंडर समानता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि समान अधिकार, सम्मान और अवसर ही स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज की नींव हैं।

## कापसी में भक्ति और उत्साह का संगम, राम मंदिर का किया गया भूमि पूजन

**पखांजूर।** क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना के एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए कापसी में भव्य श्री राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विक्रम देव उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मंदिर की आधारशिला रखने के दौरान विधायक उसेंडी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन कापसी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सौभाग्य का दिन है। प्रभु श्री राम का मंदिर केवल एक संरचना नहीं, बल्कि हमारी आस्था, मर्यादा और संस्कारों का केंद्र बनेगा। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए अजय बाछाड़ और उनकी पूरी टीम की सराहना की। भूमि पूजन के दौरान माहौल पूरी तरह भक्तिमय रहा। जय श्री राम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूँज उठा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने व्यवस्था संभालने से लेकर पूजा की तैयारियों तक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यकर्ताओं के साथ-साथ भारी संख्या में ग्रामीण जन भी इस सुखद पल का हिस्सा बनने पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि यह उनके जीवन के सबसे यादगार क्षणों में से



एक है कि उनके अपने क्षेत्र में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण जन-जन के सहयोग और अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विधायक, कार्यकर्ताओं और सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मोनिका साहा, दीपांकर दत्ता, जिला पंचायत सदस्य दीपांकर राय, मन्मथ मंडल, आकाश पोद्दार, दीपेश साहा, आकाश सरकार, बिमल साहा, बसंत जुर्री, अमित दास सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष...

### मप्र के शराब...

डेढ़ बजे पहुँचा होगा, उसी समय सामने की ओर से आ रही सफेद रंग का वाहन स्कार्पियों क्रमांक क्रमांक सीजी 04 पीआर 4458 के चालक सामने से आकर ठोकर मारने का प्रयास किया, बोलेरो के चालक ने बचाने का लाख प्रयास किया, परंतु स्कार्पियों के चालक रॉंग साईड जाकर बोलेरो को जोरदार ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। स्कार्पियों वाहन के एयर बैग के खुल जाने से स्कार्पियों में सवार सभी लोग बच गए और नजारा को देखकर भाग गए, भागने का सबसे बड़ा कारण यह था कि कार में अवैध शराब लोड थी। घटना की खबर हाईवे पेट्रोलिंग ने यातायात प्रभारी और कांकेर पुलिस को दिया। यातायात टीम मौके पर पहुँचकर घायल सभी लोगों को अपने वाहन से जिला अस्पताल पहुँचाया, जिसमें दो लोग डमरू पंत और उनकी पत्नी सोमारी पंत को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और अन्य का इलाज शुरू किया गया। यातायात पुलिस ने घायलों से उनके परिजनों की जानकारी मानकर बड़ेकनेरा में घटना के बारे में बताया गया।

### 60 लीटर महुआ...

वाहन की कीमत 30 हजार रूपएं को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया। जुर्म स्वीकार करने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक ज्योति साहू, आरक्षक नोहर सिन्हा, जोसेफ बड़ा, मिथुन नेगी और महिला आरक्षक सुनीता का विशेष योगदान रहा। यह पूरी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे और एसडीओपी रवि कुजूर के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई।

### धान खरीदी में...

पवार के विरुद्ध भी धान खरीदी केंद्र चारगांव में किसानों लच्छन सिंह उयके, जैनी बाई एवं मंगल सिंह दुग्गा के आवेदनों में बिना भौतिक सत्यापन के टोकन सत्यापन किए जाने का आरोप सिद्ध हुआ। जांच में सामने आया कि समिति में रखे बोरे के स्टैक की फोटो अपलोड कर औपचारिकता निभाई गई। दोनों मामलों को गंभीर मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1966 के तहत निष्पक्ष जांच के उद्देश्य से दोनों पटवारी को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा तथा मुख्यालय तहसील कार्यालय पखांजूर (कानून-गो शाखा) निर्धारित किया गया है। साथ ही प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए अन्य पटवारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

### बोर्ड परीक्षा की...

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास से किसी भी विषय को सरल बनाया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी विषय कठिन नहीं होता, बल्कि अभ्यास की कमी उसे कठिन बना देती है, वहीं मोटिवेटर अनिश कुमार ने पढ़ाई में नई तकनीक एवं AI के उपयोग, प्रश्नों के समाधान की आधुनिक विधियों और उनके लाभों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया, जिससे विद्यार्थियों में नई सोच और जिज्ञासा का विकास हुआ। कार्यशाला के दौरान परीक्षा के समय खान-पान, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखने से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए, ताकि छात्र-छात्राएं स्वस्थ शरीर और सकारात्मक मन के साथ परीक्षा में सम्मिलित होकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें आत्मविश्वास से भर दिया गया। प्रेरणादायी कार्यक्रम में धनेलीकन्हार सहित हायर सेकेंडरी स्कूल कोदागांव, पोटगांव, तालाकुर्रा, कोकानपुर, बाबूदबेना, हाई स्कूल कापसी एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरेली के कुल 292 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में प्राचार्य ममता गोस्वामी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की तैयारी को नई ऊर्जा और दिशा देने वाला साबित हुआ।

### कलवर माइंस...

जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत झिटकाटोला के सरपंच द्वारा कुछ लोगों को एकत्र कर माइंस के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है, जो कि अनुचित है। झिटकाटोला पंचायत के कुछ लोगों द्वारा सड़क जाम कर माइंस में काम करने वाले श्रमिकों को रोका जा रहा है, जिससे कार्य बाधित हो रहा है और कलवर गांव के युवाओं को रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है। ग्राम कलवर के ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि धरना-प्रदर्शन करना सभी का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन इसका स्थान और तरीका उचित होना चाहिए। अपने गांव या पंचायत की सीमा में धरना देना उचित है, परंतु दूसरे गांव में आकर प्रदर्शन कर माइंस का कार्य रोकना गलत है। इससे न केवल कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है, बल्कि निर्दोष श्रमिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रभावित ग्राम के युवकों ने तहसीलदार से मांग की है कि माइंस क्षेत्र में चल रहे धरना-प्रदर्शन को हटाया जाए, ताकि कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके और ग्रामीणों को नियमित रोजगार मिलता रहे और साथ ही यह भी मांग की गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार का आंदोलन अपनी प्रशासनिक एवं भौगोलिक सीमा में ही किया जाए। इस अवसर पर ग्रामीणों की ओर से श्रवण कुमार, शिवचरण सलाम, हरिमोहन टेकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आस्था व भक्ति...

अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। दीपों की पंक्तियों से सजा शीतला मंदिर अत्यंत मनोहारी दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति से वातावरण भक्तिमय हो गया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में सहभागिता की और दीप प्रज्ज्वलन कर अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह सनातन संस्कृति, आस्था और एकता का प्रतीक है। उसी भावना को जीवंत बनाए रखने तथा आने वाली पीढ़ियों तक इस ऐतिहासिक क्षण का महत्व पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। शीतला मंदिर में आयोजित यह दीपोत्सव न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त करता दिखाई दिया। इस अवसर पर पुजारी पूरन, महेश ठाकुर, राजेश यादव, संजय यादव, प्रकाश शर्मा, आकाश ठाकुर, राजू कोठारी, माही रजक, वर्षा रजक, संतोषी माली, किरण माली, सेवकराम, नोहर धनकर एवं मातृशक्ति व भक्तगण उपस्थित रहे।

### मामूली बात पर...

20 वर्षीय तुषार आईच पिता पिंटू आईच ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई। तुषार के अनुसार, वह अपने दोस्तों जीत विश्वास और साहिल दत्ता के साथ पैसा कलेक्शन के सिलसिले में ग्राम पीव्ही 13 मथुरा बाजार की ओर गया था। हिरामन की दुकान के पास खड़े होकर साहिल मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी अभिक कविराज ने कोल्डड्रिंक उनके ऊपर छिड़क दी। जब उन्होंने इसका कारण पूछा तो अभिक ने विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि पोस्ट ऑफिस के पास अभिक, उसके चाचा और अन्य साथियों ने उन्हें गाली दी, जान से मारने की धमकी दी और हाथ मुक्कों व ईंट से मारपीट की, जिससे तुषार और उसके दोनों दोस्तों को चोटें आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर समान धाराओं में काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है, वहीं पुलिस का कहना है कि विवेचना के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी।

**खबर संक्षेप**

## सेजेस बड़ेचकवा में हुआ क्रीड़ा उत्सव



**बस्तर।** सेजेस बड़ेचकवा में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का उद्घाटन सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य बृजेश प्रसाद ने कार्यक्रम का आयोजन किया। लगभग 475 बच्चे विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं, जिनमें दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो खो, मेढ़क दौड़, बोरा दौड़, जलेबी दौड़ आदि शामिल हैं। मार्च पास्ट की सलामी सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य बृजेश प्रसाद और एसएमसी के सदस्यों ने ली। विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र से पुरस्कृत किया गया। सेजेस बड़ेचकवा में पहली बार मार्च पास्ट की अगुवाई कर रहे तीनों हेड प्रभारी को सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी ने नकद राशि प्रदाय किया। इस अवसर पर ग्रामीणजन और पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का भरपूर सहयोग देखने को मिला।

## मतदाता दिवस मनाया जाएगा 25 को

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाना है। इस संबंध में 25 जनवरी सुबह 11 बजे शासकीय कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ लेने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

## शिविर में 40 से अधिक युवाओं ने लिया भाग



**दंतेवाड़ा।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूथ हब, बीपीओ भवन जावंगा गीदम में एक दिवसीय प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के 40 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्लेसमेंट शिविर के दौरान डीओएसटी संस्था द्वारा तकनीकी सहायक पद के लिए युवाओं का प्रत्यक्ष साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की जांच की गई तथा उनके कौशल, अनुभव एवं कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया गया। इस प्रक्रिया में कुल 13 युवाओं का चयन प्रस्तावित किया गया है। इस अवसर पर यूथ हब प्रबंधक ने बताया कि यूथ हब का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण, नौकरी एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है।

## अधिकारियों को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में जगी उम्मीद

**बीजापुर।** उसूर ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम पंचायत कंचाला एवं पालागुड़ा में नव स्थापित सीआरपीएफ कैंप का कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने पहली बार दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने आश्रित ग्राम गुंडराजगुड़ा, पालागुड़ा एवं बोमेड़ का भी भ्रमण कर आंगनबाड़ी, स्कूल एवं सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम गुंडराजगुड़ा, पालागुड़ा एवं बोमेड़ में स्कूली बच्चों से आत्मीय मुलाकात कर शिक्षा, सुविधाओं एवं उनकी आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। अधिकारियों ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी किया और भोजन की गुणवत्ता व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# धूमधाम से मनाई गई नेताजी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



लौह नगरी किरंदुल में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुकालु मुरमी , नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल हुए। सरपंच मीना मांडवी एवं उपसरपंच तपन दास ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने अपने संबोधन में नेताजी के देशप्रेम, त्याग और बलिदान को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत एवं बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खेल प्रतियोगिताओं में युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कोड़ेनार पंचायत सचिव, शासकीय शिक्षक को एवं छोटे बच्चों सराहनीय योगदान रहा।

## बसंत पंचमी पर हुई रंगारंग कार्यक्रम



**बस्तर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मांझीपारा कावड़गांव में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत परीक्षा में उत्तीर्ण नव साक्षरों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिसने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सीएसी चंद्रशेखर स्वादु, सीएसी देवेंद्र सोनी, शिक्षक सचिव उर्मिला ठाकुर, शिक्षक राजेन्द्र पानीग्राही, अविनाश पानीग्राही, जगन्नाथ नाग, पुरुषोत्तम ध्रुव सहित संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा विद्यालय हेतु प्रोजेक्टर की मांग रखी गई, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। साथ ही आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों को उल्लास नवभारत साक्षरता शपथ भी दिलाई गई, जिससे साक्षरता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

### बकावंड सद्भावना परिसर में कांग्रेस का आंदोलन

# अंत तक लड़ेंगे मनरेगा बचाओ संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/ भोण्ड



मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बस्तर विधानसभा क्षेत्र में आंदोलन का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में बकावंड ब्लॉक स्थित सद्भावना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों, मजदूरों एवं जनप्रतिनिधियों को मनरेगा से जुड़ी वास्तविक स्थिति और उसके अधिकारों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

- जनता के अधिकारों के लिए करेंगे आवाज बुलंद

विधायक लखेश्वर बघेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, मजदूरों और हाशिए पर खड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई हमेशा से लड़ती आई है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जिनकी आवाज सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंच पाती, कांग्रेस उनकी आवाज बनकर संघर्ष करती है। उन्होंने दो टूक कहा कि मनरेगा की बहाली तक कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी और यह लड़ाई अंत तक लड़ी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि विधायक ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों और मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है। इसके तहत ग्रामीण परिवारों को साल में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया गया था, जिससे उन्हें अपने गांव में ही सम्मानपूर्वक जीवन यापन का अवसर मिलता था लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा को कमजोर किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने रोजगार के इस अधिकार को छीन लिया है और अब काम देना या न देना सरकार की मर्जी पर छोड़ दिया गया है, जिससे करोड़ों ग्रामीण मजदूर बेरोजगारी और पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मनरेगा को न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में गरीबी उन्मूलन की सबसे प्रभावी योजनाओं में से एक माना गया है। इस योजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी, गांवों में रोजगार सृजन किया और गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया ऐसे में इस योजना को कमजोर करना सीधे-सीधे गरीब विरोधी सोच को दर्शाता है। बकावंड सद्भावना परिसर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि अच्छे, संवेदनशील और प्रभावी शासन के लिए अब छत्तीसगढ़ की जनता की उम्मीदें सिर्फ कांग्रेस पार्टी से ही जुड़ी हैं । जनता देख रही है कि कौन उनके हक की बात कर रहा है और कौन उनके अधिकार छीन रहा है।

बघेल ने भविष्य को लेकर भरोसा दिलाते हुए कहा कि 2028-29 में छत्तीसगढ़ में बनने वाली कांग्रेस सरकार मनरेगा के लिए बजट में विशेष प्रावधान करेगी, ताकि ग्रामीण इलाकों के गरीब, मजदूर और पिछड़े वर्गों को पर्याप्त रोजगार मिल सके और उन्हें पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता हमेशा जनता का हित रही है और आगे भी रहेगी।

इस दौरान मौजूद रहे बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाई, महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुखदई बघेल, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, जनपद सदस्य जगमोहन बघेल, मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, लालेन्द्र बाकडे, मोना पाड़ी, हेमंत कश्यप, सुरेश कश्यप, दशमु सिरहा, इरेश भदरे, सुखराम, सम्पत बघेल, गणेश बघेल, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, जोगेश बघेल एवं कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी माता बहनें उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को पुष्पगुच्छ देकर सुरक्षा की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के बस स्टैंड सहित साप्ताहिक बाजार में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बस्तर थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े के नेतृत्व में थाना स्टाफ ने नेशनल हाईवे 30 पर बिना हेलमेट पहने बाइक सवारो को पुष्पगुछ देकर हेलमेट लगाने एवं कार चालकों को सीट बेल्ट पहनने की अपील किया। पुलिस विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बाइक सवार एवं बिना सीट बेल्ट बांधे वाहन सवार को नियम का पालन करने एवं अपने जान की हिफाजत करने की सलाह दी गई। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को विभिन्न माध्यमों से लगातार जागरूक किया जा रहा है। बाइक चालकों को हेलमेट की उपयोगिता बताते हुए हेलमेट लगवाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, सीट बेल्ट व हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने, नाबालिकों को बाइक ना देने सहित लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान एस आई अरुण कुमार सिन्हा, एएसआई चतुरराम बघेल, प्रधानआरक्षक ढोलूराम बघेल, चोवादास गेंदले, आरक्षक विक्रम सेंगर, निरंजन वैध, महिला आरक्षक सरदई सेठिया मौजूद रहे।

## हाई स्कूल में वार्षिक स्नेह सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोह लिया मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनवाही में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक स्नेह सम्मेलन का गरिमामय एवं उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों और अतिथियों के प्रेरक उद्बोधनों से गुंजायमान रहा।

- शिक्षा, संस्कार और अनुशासन पर मुख्य अतिथि ने दी प्रेरक सीख

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि नरहरपुर जनपद उपाध्यक्ष संजु गोपाल साहू द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डीके भास्कर ने स्वागत भाषण के माध्यम से उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया और विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजु गोपाल साहू ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा का जितना महत्व है, उतना ही महत्व संस्कार और अनुशासन का भी है। उन्होंने छात्रों को भविष्य के प्रति जागरूक रहने और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वेशभूषाओं में लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जनपद सदस्य पवन नेताम, संगीता सोरी, जनपद सदस्य संदीप द्विवेदी, बबिता वट्टी, सरपंच सियाराम कोसमा, दिलीप अरकरा, सरिता मंडावी, धनेश्वरी नेताम, सावित्री नेताम एवं भुवन भारती, जेएल साहू, हनुमान प्रसाद पांडे उपस्थित रहे और साथ ही शाला विकास समिति के अध्यक्ष नकुल निषाद, हरलाल नेताम, गिरवन नेताम, सुरेंद्र नेताम, कीर्ति साहू और भगवती साहू शिक्षकगण मौजूद रहे।

## वार्षिक देव मेला में आसपास के गांवों से उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम रिसेवाड़ा में परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक उल्लास का प्रतीक वार्षिक देव मेला गुरुवार 22 जनवरी को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामवासियों द्वारा देव मेला का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण शामिल हुए।

- आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल
- पारंपरिक पूजा-अर्चना और रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बढ़ाया उत्साह

आयोजन समिति के सदस्यों शीतला पुजारी, किशोर कुमार मंडावी, अजीत सिन्हा, पूर्व उपसरपंच सुरेश कुमार पटेल, दीनदयाल जुरी , कोटवार बालादास, बृजलाल जैन, रामेश्वर यादव एवं जोहर पटेल ने बताया कि देव मेला ग्राम रिसेवाडा की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है। इस मेले में आसपास के गांवों के देवी-देवताओं के दर्शन हेतु श्रद्धालु विशेष उत्सुकता के साथ पहुंचते हैं। देव मेला के अवसर पर ग्राम रिसेवाडा की 12 पाली के अंतर्गत आने वाले देवी-देवताओं को विधिवत निमंत्रण भेजा जाता है । इस अवसर पर ग्राम बनसागर, अमोड़ा, भैंसमुड़ी, किशनपुरी, गोहनपारा, सहित आसपास के गांवों के देवी-देवता शामिल हुए।

पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना एवं अनुष्ठान संपन्न कराए गए, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। मेले के दौरान ग्रामीणों एवं आगंतुकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। दिनभर देवी-देवताओं के दर्शन एवं पूजा-पाठ के बाद रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व सरपंच सुरेश पटेल ने जानकारी दी कि रात्रि में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाच पार्टी ग्राम कुम्हारी चंपारण धाम, जिला रायपुर द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसे देखने बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि देव मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि इससे सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराएं भी सुदृढ़ होती हैं। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## मतदाता दिवस पर गगन शर्मा होंगे सम्मानित



**भोण्ड।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों का चयन किया गया है। इसी क्रम में बस्तर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गगन शर्मा का चयन ईआरओ पुरस्कार हेतु किया गया है। कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकार, छत्तीसगढ़ ने जारी आदेश के अनुसार यह सम्मान 25 जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह निर्धारित सभागार में आयोजित होगा, जिसमें चयनित अधिकारियों को प्रातः 11 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



यातायात पुलिस द्वारा 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को जयस्तंभ चौक के पास रोका गया और उन्हें यातायात शाखा परिसर में एकत्रित कर हेलमेट के उपयोग से होने वाले सुरक्षा लाभों की जानकारी दी गई। इस दौरान लगभग 80 दुपहिया वाहन चालकों को रोक कर समझाइश दी गई। इनमें से 65 चालकों ने अपने घर से हेलमेट लाकर पहना, जबकि 14 चालकों ने दुकान से नया हेलमेट खरीदकर नियमों का पालन किया। सभी को हेलमेट पहनाकर उनके वाहन सौंपे गए। एक चालक द्वारा हेलमेट न पहनने पर 500 रुपये का चालान किया गया तथा भविष्य में अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की समझाइश दी गई। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे स्वयं की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें और हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं।

## हरियाणा में छत्तीसगढ़ के जीत का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



हरियाणा में आयोजित सब जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक तथा बालक वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इस गौरवशाली उपलब्धि में बीजापुर जिले के खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा। बालिका वर्ग में बीजापुर जिले से अनुराधा, रितिका, अस्मिता, शिल्पी एवं त्रिवेणी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, वहीं बालक वर्ग में लक्ष्य, सूर्य एवं एबिल ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

इसके अतिरिक्त, जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली एसजीएफआई स्कूल नेशनल गेम्स के लिए भी बीजापुर जिले से 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो जिले के खेल इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इन सभी चयनित एवं पदक विजेता खिलाड़ियों ने आज जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा एवं खेल प्रभारी नारायण प्रसाद गवेल से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान करनेवार भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



## छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**गीदम।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण की कक्षा 11वीं की छात्राओं को पीएमश्री योजना के अंतर्गत विज्ञान केन्द्र रायपुर तथा छत्तीसगढ़ जनजातीय संग्रहालय एवं शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय नया रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। छात्राओं ने विज्ञान केन्द्र में वैज्ञानिक प्रयोगों, आधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। वहीं जनजातीय संग्रहालय में छात्राओं ने जनजातीय संस्कृति, परंपराओं, रहन-सहन एवं ऐतिहासिक विरासत के विषय में जानकारी प्राप्त की। संग्रहालय परिसर में वीर स्वतंत्रता सेनानी हलवा जमीदार गैंदसिंह की अंग्रेजी शासन के विरुद्ध दिए गए बलिदान की 201वीं शहादत वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त निदेशक डीपी नागेश एवं प्रशासनिक अधिकारी, वीर नारायण सिंह ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम नवा रायपुर तथा टीआरआई स्टाफ के साथ मिलकर छात्राओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय साहस, त्याग एवं देशभक्ति को नमन किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मॉडिफाइड जीप पर की चालानी कार्रवाई



**भानुप्रतापपुर।** यातायात माह के क्रम में यातायात नियमों का पालन अनुपालन करवाने एमसीपी लगाया गया था। इस दौरान मॉडिफाइड खुला जीप क्रमांक पीबी 3 डीएल 7746 को पकड़ा गया, जिस पर गलत तरीके नंबर प्लेट, रंगीन लाइटें और गलत तरीके से मॉडिफाइड किया गया था, जिस पर मोटर व्हिकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 11 हजार 300 रुपएं का चालानी कार्यवाही किया गया।

### मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान की हुई बैठक

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा है। यह कानून श्रमिकों को उनके ही गांव में रोजगार देने के उद्देश्य से बनाया गया है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा इसे कमजोर करने और समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम जनता को जागरूक किया जाएगा।

### महिलाओं ने किया भजन अंताक्षरी

**जगदलपुर।** संतोषी वार्ड स्थित रामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में रजत जयंती महोत्सव माघ मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार को महिलाओं ने भजन अंताक्षरी की। इससे पूर्व माघ सुदी पंचमी (बसंत पंचमी) के दिन ही बाबा रामदेव की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में हुई। इसलिए इस दिन को विशेष बनाने हम सभी एक साथ महाआरती किया, इसमें ड्रेस कोड में पुरुषों के लिए पिला कुर्ता और महिलाओं के लिए पीली साड़ी रखा गया था। गाय का बच्चा को जीवित कर सुमित्रा को परचा दिए। श्री बाबा रामदेव जी की भाभी सुमित्रा को बाबा रामदेव जी ने गाय का बछड़ा जीवित कर पर्चा दिए। रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत बुधवार से तीन दिवसीय विष्णु महायज्ञ किया गया जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। यज्ञ के पहले दिन 35 जोड़े सम्मिलित हुए थे। महायज्ञ के मंडप में स्थापित हवन कुंड में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अग्निदेव का आह्वान किया गया।

## निधन

### नंदलाल कोसमा



**कोरर।** केवटिनटोला निवासी 73 वर्षीय नंदलाल कोसमा काफी लंबे समय से अस्वस्थ होने के चलते शुक्रवार को निधन गया है। वे चिंतु राम कोसमा, राम भरोस कोसमा व रामनाथ कोसमा के बड़े भाई थे तथा महेंद्र कोसमा, किरण कोसमा के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

### जनकपुर मामले का समाचार प्रकाश होते ही किया गया भुगतान

# जल संसाधन विभाग भानुप्रतापपुर ने मिर्चीपारा में काम कराकर मजदूरों का नहीं किया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

जनकपुर में मनरेगा कार्यों में मशीनों के उपयोग और मजदूरी भुगतान लंबित रहने से जुड़ी खबर हरिभूमि में प्रकाशित होते ही जल संसाधन विभाग में हड़कंप मच गया। महीनों से मजदूरों, वाहन मालिकों और सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को टाल रहे अधिकारी, समाचार छपते ही अचानक सक्रिय नजर आए और आनन-फानन में संबंधित लोगों को बुलाकर नगद भुगतान किया गया। इसके अलावा अब मिर्चीपारा में मजदूरों को भुगतान नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है।

जनकपुर में हुए कार्य में मजदूरों को लंबे समय से मजदूरी के लिए भटकाया जा रहा था, उन्हें खबर प्रकाशित होने के अगले ही दिन सभी मजदूरों को 34 हजार 452 रुपये नगद दिए गए। इसी तरह रेत, मुरूम, पानी ढुलाई और मशीन कार्य से जुड़े वाहन मालिकों को भी लंबित राशि का भुगतान नकद किया गया। हैरानी की बात यह रही कि भुगतान के दौरान किसी भी प्रकार की रसीद या औपचारिक प्रक्रिया नहीं अपनाई गई, जिससे विभागीय पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस पूरे घटनाक्रम से यह स्पष्ट होता है कि विभागीय अधिकारी स्वयं ठेकेदार की भूमिका निभाते हुए निर्माण कार्य करवा रहे हैं और मोटी कमाई कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह मामला अख़बार में उजागर नहीं होता, तो उन्हें आज भी भुगतान के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते।



#### मुझे कोई जानकारी नहीं: एसडीओ

मिर्चीपारा में मनरेगा के तहत कार्य होना था, जो निरस्त हो गया है। इसके अलावा नहर मरम्मत कार्य के संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

- **बीके कोड़ोपी,** एसडीओ, जल संसाधन विभाग भानुप्रतापपुर

#### उच्च कार्यालय को दी गई है जानकारी

समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के आधार पर एसडीओ से जवाब मांगा गया है, जिसे उच्च कार्यालय भेज दिया गया है। उच्च कार्यालय से जैसा निर्देश प्राप्त होगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। नगद भुगतान के विषय में एसडीओ ही जानकारी दे सकते हैं।

- **धमेंद्र मेश्राम,** कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग

#### पूर्व सरपंच ने किया खुलासा

ग्राम पंचायत घोठा के पूर्व सरपंच रामप्रसाद कावड़े ने बताया कि जनकपुर में नहर लाइनिंग व वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य के लिए एसडीओ के कहने पर उन्होंने और गांव के अन्य चार लोगों द्वारा 70 ट्रिप रेत निर्माण स्थल पर डाली गई थी। रेत के एवज में पहले 25 हजार रुपये नगद एडवांस दिए गए, जबकि शेष 45 हजार रुपये हाल ही में नगद भुगतान किए गए।

#### मिर्चीपारा से अब आई शिकायत

जनकपुर की खबर प्रकाशित होने के बाद ग्राम मुल्ला के आश्रित गांव मिर्चीपारा से भी भुगतान को लेकर शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों ने बताया कि जून 2025 में जल संसाधन विभाग के इंजीनियर द्वारा नहर मरम्मत कार्य कराया गया था। उस समय 28 मजदूरों को नगद भुगतान का आश्वासन दिया गया, लेकिन आज तक मजदूरी नहीं मिली़र लगभग 18 हजार रुपये का भुगतान अब भी लंबित है। कई बार कार्यालय जाकर निवेदन करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे मजदूर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

#### पानी का रिसावा आज भी जारी

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जिस नहर में मरम्मत कराई गई, वहां आज भी पानी का रिसाव जारी है। वर्षों से शिकायत के बावजूद विभाग ने कोई स्थायी समाधान नहीं किया। नहर में लीकेज के कारण किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता, जबकि विभाग समय पर जलकर वसूली के कागज भेज देता है। इस लापरवाही से किसानों में भारी आक्रोश है।

## धान खरीदी की अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस का चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

- किसानों के समर्थन में सड़कों पर उतरा संगठन

जिले के दुर्गुकोंदल विकासखंड में धान खरीदी के दौरान किसानों को हो रही गंभीर परेशानियों को लेकर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। बस स्टैंड दुर्गुकोंदल में लगभग तीन घंटे तक चक्का जाम कर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और किसानों की समस्याओं पर तत्काल समाधान की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि धान खरीदी प्रक्रिया में भारी अव्यवस्था फैली हुई है, जिसके कारण मेहनतकश किसान मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हैं। समय पर टोकन नहीं कटने, बार-बार सत्यापन और खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस ने इसे किसान विरोधी नीति बताते हुए सरकार को आड़े हाथों लिया। प्रदर्शन उपरांत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के राज्यपाल के नाम चार सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि जिन किसानों के धान खरीदी टोकन अब तक नहीं कट पाए हैं, उनका टोकन तत्काल काटना सुनिश्चित किया जाए, किसानों के घर जाकर धान का भौतिक सत्यापन किए जाने की प्रक्रिया को तत्काल बंद करने, धान खरीदी की समय-सीमा को आगे बढ़ाने की मांग की गई।

#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, हुमन मरकाम, जनपद सदस्य निर्मला कोवाची, हेमलता उयके, रसालू गावड़े, सोमदेव कोरेटी, ढालसिंग पात्र, राम गावड़े, बाबूलाल कोला, राजू संघोडिया, सियाराम पोटाई, नरेंद्र जैन, हीरा कोमरा, सुखचंद प्रजापति, सियाराम दर्रो, रजमन कोवाची, दिनेश महावे, महत्तम दुग्गा, गन्नू सिंहा, परमेश बघेल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना



- माँ सरस्वती की पूजा और छात्रों ने किया ज्ञान व कला का प्रदर्शन
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि और पर्यावरण जागरूकता संदेश

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात माँ सरस्वती की प्रतिमा को विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर माँ सरस्वती का वंदन, प्रार्थना की। माँ सरस्वती को ज्ञान, बुद्धि, कला और संगीत की देवी माना जाता है, इसलिए सभी छात्र-छात्राओं ने पढ़ाई में लगन और सदाचार का संकल्प लिया। छात्रों द्वारा प्रश्नोत्तरीय कार्यक्रम भी किया गया एवं कक्षा 6वीं की अद्या झा एवं कक्षा 11 वीं की आयशा सिंह द्वारा क्लासिकल डांस प्रस्तुत किया।

बसंत पंचमी के अवसर पर प्राचार्य रश्मि रजक ने सभी को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि बसंत पंचमी न केवल ऋतु परिवर्तन के साथ बसंत के आगमन का संकेत है, बल्कि ज्ञान, संगीत, कला और नवजीवन का प्रतीक भी है। यह पर्व हमें प्रकृति की सुंदरता और जीवन में नए अध्याय की शुरूआत का एहसास कराता है और साथ ही हमें यह भी याद दिलाता है कि हमें पर्यावरण का ध्यान रखे। आज के समय में जब पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, हमें प्रकृति के प्रति और अधिक जागरूक होना है, प्रकृति हमें जीवन देती है और हमारा कर्तव्य है कि हम उसकी रक्षा करें। बसंत पंचमी हमें यह संदेश देती है कि हमें पेड़-पौधे लगाने चाहिए, प्रकृति को सुरक्षित रखना चाहिए और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए। इसके बाद उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विशेष भाषण में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस वे स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे योद्धा, और महानसेना नायक थे, जो अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प, अनुशासन, आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक भी थे।

#### इनका रहा योगदान

*कार्यक्रम में प्राचार्य कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।*

## बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को भीरागांव में मिला सफलता का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



- छात्रों को तनाव मुक्त रहने की व्यावहारिक टिप्स
- राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर सामिया शेख ने विद्यार्थियों का बढ़ाया मनोबल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीरागांव में एक ऐतिहासिक सत्र का आयोजन हुआ। आगामी 10वीं,12वीं बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए विद्यार्थियों के मानसिक मनोबल को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर सामिया शेख मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

मुख्य वक्ता ने छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक टिप्स दिए। परीक्षा के दौरान और तैयारी के समय घंटों का सही उपयोग कैसे करें। परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव और चिंता को कैसे नियंत्रित करें। कठिन विषयों पर अपनी पकड़ कैसे मजबूत बनाएं और एकाग्रता कैसे बढ़ाएं। प्रश्नों को व्यवस्थित तरीके से हल करने की तकनीक। पहली बार अपने बीच किसी राष्ट्रीय स्तर के वक्ता को पाकर भीरागांव, परवी , घोटा और आसुलखार के साथ आसपास के स्कूलों के बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। विद्यार्थियों ने बिना किसी झिझक के अपनी शंकाएं साझा कीं और शेख मेम से प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने अत्यंत सरल और प्रभावी ढंग से उत्तर दिया। इस ज्ञानवर्धक संगोष्ठी में केवल भीरागांव ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए, हायर सेकेंडरी स्कूल परवी, हायर सेकेंडरी स्कूल घोटा , हायर सेकेंडरी स्कूल आसुलखार, उपस्थित अतिथि कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले और ब्लॉक के शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्यों का योगदान रहा।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सहायक खण्ड शिक्षा आधिकारी मुकेश कुमार सोनवानी, खंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नूरूटी, प्राचार्य नेमसिंह गांवरे, संगीता ठाकुर, एसआर कचलाम, एसके बड़दे, खेमलाल साहू, संतलाल ध्रुव, प्रीतम उइके, जागेश सलामे, खिलानंद ठाकुर, दीनदयाल उसारे, प्रेमसिंह सलाम, ईश्वरी साहू, आरसी जैन, रोमनलाल रावटे, हुमन कोमरे, हरीश रावटे एवं सभी संस्था से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सरस्वती पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्राओं में ज्ञान, संस्कार और अनुशासन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

- दुर्गुकोंदल में उल्लास और भक्ति के साथ मनी बसंत पंचमी
- माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना और छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

शासकीय कन्या हाई स्कूल एवं 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्राचार्य एसएस कोमरे के सानिध्य में किया गया, जिसमें सरस्वती पूजा के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के पूजा-अर्चना, माल्यार्पण एवं आराधना से की गई।

विद्यालय परिसर में सुबह से ही आध्यात्मिक एवं उत्सवमय वातावरण बना रहा। शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने माँ सरस्वती की वंदना कर ज्ञान, बुद्धि और विवेक की कामना की। बसंत पंचमी के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए ज्ञान, अनुशासन एवं संस्कारों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य एसएस कोमरे ने कहा कि बसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का पर्व नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, कला, संस्कार और अनुशासन का प्रतीक है। आज के दिन हम माँ सरस्वती की आराधना करते हैं, जो विद्या, वाणी और विवेक की अधिष्ठात्री देवी हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, भजन, कविता पाठ एवं बसंत पंचमी के महत्व पर भाषण प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थितजनों ने सराहना के साथ सुना। कार्यक्रम का संचालन मीना ढीमर द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुसंगठित एवं प्रभावी रूप से संपन्न कराया। अंत में सभी ने माँ सरस्वती से ज्ञान, विवेक और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर शिक्षकगण संगीता केकती, मनीषा सिंहा, नीतिश साहू, मीना ढीमर, रामेश्वरी शांडिल्य, जागेंद्र डहरे, सावित्री ठाकुर, वैभव तिवारी, प्रियंका बगमरिया, खिलेश्वरी उयके, मनीषा गौतम सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## किरगोली में जिला स्तरीय युवा महोत्सव में संस्कृति-संविधान व ग्राम सभा सशक्तिकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर के ग्राम किरगोली में ग्राम सभा किरगोली, युवा प्रभाग किरगोली–मुरडोंगरी एवं सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का सफल आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में बौद्धिक क्षमता का विकास, सामाजिक चेतना, संवैधानिक अधिकारों की समझ तथा स्वरोजगार के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ललित नरेटी ने कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति, व्यवस्था एवं रीति-नीति को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव के प्रमुख एक खुली किताब की तरह होते हैं, हमें उन्हें पढ़ना और उनसे सीख लेकर समाज को मजबूत बनाना चाहिए। संदीप सलाम ने ग्राम सभा सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार रखते हुए पेसा कानून की बारीकियों को सरल भाषा में समझाया तथा ग्राम सभा की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में युवाओं को उनके सामाजिक महत्व, युवा चेतना, संवैधानिक अधिकारों एवं स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। युवाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने विचार भी साझा किए। इस अवसर पर ग्राम किरगोली के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और साथ ही जिले के सातों विकासखंडों से ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी एवं युवा साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## श्रद्धा और उल्लास से मनी रामलला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल के ग्राम महेन्द्रपुर कलारपारा में गुरुवार को अयोध्या के रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगाँठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर गांव में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ग्रामीणों ने पूरी श्रद्धा के साथ-भागीदारी की।

इस दौरान राम-सीता की विधिवत पूजा अर्चना की गई, जिसमें गांव के सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिससे गांव का का माहौल भक्तिमय रहा, प्रसादी वितरण भी किया किया गया। धन्नूलाल सिन्हा ने बताया कि सनातनियों के लिए यह हर्ष का दिन है, क्योंकि 500 वर्ष तक रामलला अपने दिव्य मदिर से बाहर रहे और दो साल पहले 22 जनवरी को हिन्दु तिथि के अनुसार पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी के दिन ही रामलला दिव्य मंदिर में विराजित हुए। कलेश जैन ने कहा प्रभु राम का जीवन हम सभी के लिए मर्यादा और धैर्य का संदेश देता है। आज की युवा पीढ़ी को रामलला के आदर्शो को अपने जीवन में उतरना चाहिए। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से श्री राम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सावत्री जैन, पेनिमा सलाम, सोना जैन, रूपेशवरी जैन, उर्मिला सलाम, जितेंद्र जैन, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।



### देवांगन समाज का मां परमेश्वरी महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा



**कांकेर।** देवांगन समाज कांकेर द्वारा माँ परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन 23 जनवरी शुक्रवार को देवांगन समाज भवन अलबेलापारा में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महोत्सव के दौरान नन्हे कलाकारों ने अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों ने अपने उत्कृष्ट नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों से उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि बुजुर्गों के सम्मान की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य समाज में संस्कार, सम्मान और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखना है। इस अवसर पर भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान एवं प्रसाद वितरण भी किया गया। इस दौरान शिवप्रसाद देवांगन, पुरनलाल देवांगन, रघुनाथ देवांगन, लक्ष्मेंद्र देवांगन, रमेश देवांगन, देवराम, मुकेश, आनंद, सुरेश, ओमप्रकाश देवांगन, भूपेंद्र देवांगन, अरुण एवं जयप्रकाश का विशेष योगदान रहा।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720
Care With Confidence
NABH
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ (09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411